हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 30 जनवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 किसान के हाथ से 20 हजार लूटकर आरोपी फरार, सहकारी बैंक से निकाले थे रुपए




## खबर संक्षेप

### गणित में सोनिया पटेल ने हासिल की पीएचडी की उपाधि



**रेवटी।** मध्य प्रदेश रींवा के अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय ने सोनिया पटेल को गणित विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध कार्य डॉ. आरएस पटेल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। वर्तमान में वे राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर में अतिथि व्याख्याता हैं। सोनिया पटेल गोविंदपुर तहसील प्रतापपुर, जिला सूरजपुर निवासी डॉ. अमित पटेल की पत्नी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार व क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

### उमेश्वरपुर समिति से 1.80 करोड़ का धान गायब, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** सूरजपुर जिले के प्रेमनगर के उमेश्वरपुर समिति में सहायक समिति प्रबंधक द्वारा 1 करोड़ 80 लाख रुपए से अधिक का धान गबन करने का मामला सामने आया है। इस मामले में सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने सहायक समिति प्रबंधक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के प्रेमनगर थाना अंतर्गत सलका के ग्राम उमेश्वरपुर में स्थित उपार्जन केंद्र का 9 जनवरी को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा प्रेमनगर के शाखा प्रबंधक रामानुजनगर पतरापाली निवासी 47 वर्षीय ओमदत्त दुबे आ. स्व.कृष्ण दत्त दुबे के आकस्मिक निरीक्षण किया था। इस दौरान उपार्जन केंद्र में भौतिक सत्यापन के दौरान 7 हजार 36 क्विंटल धान कम पाया गया। इस दौरान गायब धान की कीमत 1 करोड़ 66 लाख 69 हजार 231 रुपए व 17 हजार 591 बारदाना की कीमत 13 लाख 99 हजार 114 रुपए आंकी गई थी। इस तरह समिति से कुल 1 करोड़ 80 लाख 68 हजार 345 रुपए का धान व बारदाना कम पाया गया। धान की अफरा तफरी के मामले सहायक समिति प्रबंधक ठाकुर सिंह मरावी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था लेकिन जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर शाखा प्रबंधक ने मामले की की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत की जांच के बाद प्रेमनगर थाना पुलिस ने मामले में आरोपी सहायक समिति प्रबंधक ठाकुर सिंह मरावी के खिलाफ बीएनएस की धारा 316(5), 318(4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### भालू के हमले में बाल-बाल बचा मजदूर

**मानीचौक।** ग्राम पोड़ी निवासी बीरेंद्र सिंह आ.कोमल सिंह (25 वर्ष) पोड़ी बिट के जंगल क्षेत्र में मजदूरी करने गया था। जेसीबी से सीपीटी गढ़ा खुदाई कर रहे मशीन की मरम्मत एवं ड्रेसिंग कार्य के लिए मजदूर बीरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचा था। तभी जंगल की ओर से भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमला से बीरेंद्र की पीठ पर पंजा मारने से उसे चोटें आईं। इधर घटना को देख अन्य मजदूरों ने शोर-शराबा किया तो भालू जंगल की ओर चला गया। मजदूर ने तत्काल घटना की सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को दी जिसके बाद घायल को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने मजदूर का प्राथमिक उपचार के पश्चात छुट्टी कर दी।

### शौच के लिए बाहर निकले युवक पर भालुओं ने किया हमला

**अम्बिकापुर।** बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम देवडांड़ निवासी विरेदर यादव आ. नंद कुमार यादव (22 वर्ष) बीती रात लगभग 11 बजे शौच करने के लिए बाहर निकला था। शौच करने के पश्चात जैसे ही घर आने लगा तभी तीन भालुओं ने युवक पर हमला कर दिया। भालुओं ने युवक के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में हमला करने से युवक मौके पर ही अचेत हो गया जिससे तीनों भालू वापस चले गए। होश आने से युवक घर पहुंचा और घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन युवक को बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां घायल का उपचार जारी है।

हरपल बनी रहती है दुर्घटना की आशंका

# एनएच 43 के फ्लाई ओवर पर कोचियों ने जमाया कब्जा, डेंजर जोन में लग रहीं दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लुचकी घाट का फ्लाईओवर पर कोचियों का कब्जा होता नजर आ रहा है। कोचियों द्वारा डेंजर जोन में बेखौफ होकर सब्जी की दुकानें लगाई जा रही है और लोग भी बेतरतीब तरीके से अपने वाहनों को खड़ी कर सब्जी खरीद रहे है। ऐसे में फ्लाई ओवर पर हरपल दुर्घटना का खतरा मंडरा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि कोचिए एनएच के अधिकारियों की बातों को भी नहीं सुन रहे और रोकने टोकने पर विवाद की स्थिति बन रही है। ऐसे में यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता है।

**खास बात**

- बेतरतीब तरीके से खड़ी हो रहे वाहन

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर सड़क निर्माण के दौरान एनएच विभाग द्वारा लुचकी घाट पर फ्लाई ओवर का निर्माण कराया गया है। लुचकी घाट शुरू से ही डेंजरजोन की श्रेणी में आता है। इस ब्लैक स्पॉट घुमावदार मोड़ था जहां पूर्व में अनेकों सड़क हादसे हो चुके है जिसमें लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी। यही वजह है कि एनएच 43 पर सड़क निर्माण के दौरान विभाग द्वारा मोड़ से मुक्ति दिलाने व दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से फ्लाई ओवर का निर्माण कराया गया। ब्लास्टिंग कर घाट कटिंग की गई और करोड़ो रुपए खर्च कर 8 स्पान वाले पुल का निर्माण कराया गया। इनमें से प्रत्येक स्पान की लम्बाई 270 मीटर है। फ्लाईओवर के निर्माण का मुख्य उद्देश्य खतरनाक घाट से मुक्ति दिलाने के साथ ही दुर्घटनाओं में कमी लाना था लेकिन वर्तमान में ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। ऐसा इसलिए क्यों कि एनएच 43 पर मौजूद इस फ्लाईओवर पर कोचियों का कब्जा हो गया है। कोचियों द्वारा एनएच पर घाट किनारे बैठकर सब्जी बेचने का काम कर रहे है। कोचियों द्वारा किए गए इस अवैध कब्जे के कारण घाट पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।



फ्लाई ओवर पर बैठकर सब्जी बेचते ग्रामीण।

### अमरुद बेचने से शुरू होकर मंडी तक

बताया जा रहा है कि फ्लाई ओवर किनारे कुछ लोगों ने अमरुद बेचने का काम शुरू किया। इसके साथ ही बारिश के समय पुटू बेचने के लिए ग्रामीण बैठे। इसके बाद धीरे धीरे एनएच किनारे ब्लैक स्पॉट पर अब पूरी मंडी सजने लगी है। कोचियों द्वारा काली मंदिर से पहले सड़क किनारे एनएच की जमीन पर कब्जा कर दुकान लगाया जा रहा है। इस दौरान एनएच पर आवागमन करने वाले लोग बेवजह रुक कर भीड़ लगा रहे है। एनएच पर मोड़ में बेतरतीब तरीके से वाहनों को खड़ा किया जाता है जिससे आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। डेंजर जोन में इस तरह दुकानें लगाने से हरपल दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

### अधिकारियों से करते है गाली गलौज

फ्लाईओवर पर किए जा रहे इस अवैध कब्जे और कारोबार की जानकारी एनएच के अधिकारियों को भी है। एनएच के अधिकारियों द्वारा पूर्व में इन कोचियों को रोकने का प्रयास किया गया लेकिन सब्जी बेचने वाले लोग अधिकारियों से ही भिड़ गए। इस दौरान उनके साथ गाली गलौज की गई। ऐसे में अधिकारी वापस लौट आए। हालांकि अधिकारियों ने इसकी जानकारी सड़क सुरक्षा समिति में दी है। अब देखना यह है कि एनएच और पुलिस प्रशासन अवैध कब्जे के खिलाफ कोई कार्रवाई कर पाता है या नहीं।

### दी गई है जानकारी

फ्लाईओवर पर सब्जी दुकान लगाने की जानकारी है। पूर्व में उन्हें रोकने का प्रयास किया गया लेकिन वे मानने को तैयार नहीं है। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बात रखी गई थी। कलेक्टर, एसपी से इस संबंध में चर्चा कर कार्रवाई कराई जाएगी।

-आरडी ताम्बे, ईई एनएच

### की जाएगी कार्रवाई

इस संबंध में विभाग और ग्राम पंचायत से चर्चा की जाएगी। यदि एनएच पर कब्जा किया जा रहा है तो संयुक्त रूप से टीम बनाकर कार्रवाई की जाएगी।

-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी

## घर में घुसकर महिला पर जानलेवा हमला, चाकू से 6 बार हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/सोनगरा

घर में घुसकर महिला पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। अज्ञात हमलावरों ने घर में घुसकर अकेली महिला पर चाकू से कुल 6 बार वार किया है। इस घटना में गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया है। इधर इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। दिनदहाड़े घर में घुसकर महिला पर जानेलवा हमला करने की घटना के बाद कानून वयवस्था भी सवालों के घेरे में आ गई है।



- मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कराया गया भर्ती

बताया जा रहा है कि लटोरी चौकी अंतर्गत ग्राम शंकरपुर निवासी 28 वर्षीया हिरमेन पति अमर सिंह गुरुवार की दोपहर घर में अकेली थी। महिला का पति अमर सिंह जरही स्टेडियम में चल रहे फुटबॉल मैच देखने गया हुआ था। इसी दौरान दोपहर लगभग 2 बजे दो अज्ञात लोग महिला के घर में घुसे थे और महिला पर चाकू से हमला किया गया। हमलावरों ने महिला के छाती, बांह में 6 बार वार किया है। इस जानलेवा हमले में महिला गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गई। इस दौरान ग्रामीणों को घटना की जानकारी लगी जिसके बाद पति को मामले की सूचना दी गई। चाकू बाजी की घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आनन फानन में महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। महिला के ऊपर हुए इस जानलेवा हमले के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने भी अपनी जांच शुरू कर दी है। दिनदहाड़े महिला के ऊपर हुए जानलेवा हमले से गांव में दहशत का माहौल है इसके साथ ही सुरक्षा वयवस्था पर भी सवाल उठाए जा रहे है।

### दिए है जांच के निर्देश

घटना की सूचना मिली है। चौकी प्रभारी को मामले की जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-प्रशांत ठाकुर, एसएसपी सूरजपुर

### आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आवेदन शुरू

**अंबिकापुर।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली अंतर्गत गठित राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति नई दिल्ली द्वारा प्रवर्तित एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदित जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन फार्म 7 फरवरी तक विभागीय वेबसाईट पर आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन भरे गए फॉर्म में त्रुटि सुधार हेतु 8 से 10 फरवरी तक तिथि निर्धारित है। वहीं प्रवेश परीक्षा की तिथि 1 मार्च को होगी। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं हेतु नियमावली, प्रवेश नीति एवं प्रवेश परीक्षा से संबंधित समस्त विस्तृत शर्तों का अवलोकन विभागीय वेबसाइट पर किया जा सकता है।

## चंगाई सभा कर धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पूर्व डिप्टी कलेक्टर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चंगाई सभा का आयोजन कर धर्म परिवर्तन कराने के मामले में पुलिस ने रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने जांच उपरान्त सेवा निवृत्त डिप्टी कलेक्टर ओमेगा टोप्पो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- हिंदूवादी संगठन के लोगों ने की थी शिकायत, जांच के बाद की गई कार्रवाई

बता दें 25 जनवरी को गांधीनगर थाना अंतर्गत नमनाकला निवासी सेवा निवृत्त डिप्टी कलेक्टर 65 वर्षीया ओमेगा टोप्पों पिता स्व. सामुएल टोप्पो द्वारा अपने निवास पर चंगाई सभा का आयोजन किया गया था। इस चंगाई सभा में लगभग 60 लोग शामिल हुए जहां धर्म परिवर्तन कराने का कार्य किया जा रहा था। इस धर्म परिवर्तन की जानकारी मिलने के बाद हिंदूवादी संगठन के लोग मौके पर पहुंचे और इसका विरोध जताया। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस व प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची थी। इस दौरान हिंदूवादी संगठन के लोगों ने आरोप लगाया था चंगाई सभा के नाम पर हिंदु धर्म के भोले-भाले लोगों को एकत्र कर उनका धर्मांतरण कराया जा रहा है। ओमेगा टोप्पो इस तरह से धर्मांतरण कराने में लिप्त रही हैं। हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में स्पष्ट किया है कि किसी घर में इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान बिना पूर्व अनुमति के नहीं किए जा सकते। इसके बावजूद ओमेगा टोप्पो के घर पर लंबे समय से हर रविवार इस तरह की चंगाई सभा आयोजित की जा रही है। वहीं मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी को पूर्व डिप्टी कलेक्टर ने अंदर अराधना चलने का हवाला देकर रोक लिया और घर में प्रवेश के लिए अनुमति कागज मांगने लगी। इसी बीच अन्दर मौजूद ज्यादातर लोगों को भगा दिया गया। धर्म परिवर्तन के मामले में पुलिस ने ओमेगा टोप्पो और चार पास्टर को पूछताछ के लिए थाने में बुलाया था जिसके बाद इस मामले की जांच चल रही थी। जांच के बाद अब गांधीनगर पुलिस ने अपने घर में अत्यधिक लोगों को एकत्रित कर हिन्दू धर्म के विषय में आपतिजनक टीका टिप्पणी करने और लोगों को धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रोत्साहित करने के मामले में बीएनएस की धारा 270, 299 एवं छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम की धारा 5 (क) के तहत सेवा निवृत्त डिप्टी कलेक्टर ओमेगा टोप्पो को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी, उनि दिलीप दुबे, सउनि सुभाष ठाकुर, महिला प्रधान आरक्षक मंजू भगत, महिला आरक्षक प्रिया रानी, आरक्षक अतुल शर्मा, कुंदन पाण्डेय सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## आत्मानंद स्कूल में अश्लील भोजपुरी गाने पर स्कूली बच्चों ने किया डांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर स्वामी आत्मानंद स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अश्लील भोजपुरी गाने पर डांस करने का मामला सामने आया है। स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम की मर्यादा से हटकर अश्लील गानों पर डांस करने का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। इस घटना के बाद बच्चों के अभिभावक ने भी नाराजगी जाहिर की है। इधर इस मामले में डीईओ ने प्राचार्य को नोटिस जारी करने के साथ ही जांच के निर्देश दिए है।

- वायरल हुआ वीडियो, डीईओ ने प्राचार्य को जारी किया नोटिस

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर स्वामी आत्मानंद स्कूल में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों एक साथ ही उनके अभिभावक भी शामिल हुए। गणतंत्र दिवस का सांस्कृतिक कार्यक्रम समाप्त होने के बाद स्कूल में किसी ने भोजपुरी गाना बजाना शुरू कर दिया। भोजपुरी गाना शुरू होते ही बच्चे भी मर्यादा भूलकर डांस करने लगे। बच्चे अभिभावकों के सामने ही अश्लील गानों पर नाच रहे थे। इस दौरान किसी ने इसका वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में बालक स्टेज पर लहरिया लूटा ए राजा भोजपुरी गाने पर डांस करते नजर आ रहे है जबकि बालिकाएं स्टेज के नीचे डांस कर रही है। डांस का वीडियो वायरल होने के बाद अभिभावकों ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। वहीं लोगों ने भी इस घटना की निंदा की। खैरवार/खरवार आदिवासी विकास परिषद छग के प्रदेश अध्यक्ष अमित सिंह खैरवार ने भी इस घटना को लेकर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। इधर वायरल वीडियो के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य बसंत गुप्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।



स्कूल में डांस करते बच्चे।

### जारी किया गया है नोटिस

सांस्कृतिक कार्यक्रम की मर्यादा होती है। मर्यादा से विपरीत कार्य करने पर कार्रवाई की जाएगी। प्रचार को नोटिस जारी किया गया है। जवाब आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-मनीराम यादव, डीईओ

## प्रधान आरक्षक को बेहतर कार्य के लिए सीएम ने किया सम्मानित

**बलरामपुर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह वर्ष 2026 राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में जिले के प्रधान आरक्षक को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। सीएम ने प्रधान आरक्षक अमित मिंज को सड़क सुरक्षा और यातायात संबंधित उत्कृष्ट कार्य के लिए शील्ड, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर के सम्मानित किया व उनकी सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी आप ऐसे ही ऊंचाइयों को छुए और उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित होवे। अमित मिंज मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होकर के सिर्फ अपना ही मान नहीं बल्कि पूरे जिले का मान सम्मान बढ़ाया है। ज्ञात हो अमित मिंज यातायात विभाग में बेहतर कार्य करने के लिए पूर्व में भी सम्मानित हो चुके है।



कोहरे एवं धुंध के कारण दिन के तापमान में 4 डिग्री से अधिक की गिरावट

# विक्षोभ के प्रभाव से छाया घना कोहरा, आवागमन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चार दिन पूर्व उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ का प्रभाव अभी खत्म नहीं हुआ है तथा विक्षोभ बिहार की ओर अग्रसर है। विक्षोभ के प्रभाव से गुरूवार को घना कोहरा छाने के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे के कारण वाहन चालकों ने लाइट जलाकर धीमी रफ्तार से अपनी यात्रा पूरी की।

उत्तर भारत में एक के बाद एक लगातार पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में लगातार बदलाव आ रहा है। कभी आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने से तापमान में वृद्धि हो रही है तो कभी घने कोहरे के साथ ठंड की वापसी हो रही है। विक्षोभ की सक्रियता से वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के कारण गुरूवार को सुबह 10 बजे तक घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण शहर में दृश्यता 10-20 मीटर तक सिमट गई थी जबकि बाहरी इलाकों में कोहरे का घनत्व इतना अधिक था कि पास की वस्तुएं भी नहीं दिख रही थी। मैदानी इलाकों में दृश्यता शून्य होने के कारण रफ्तार पर घंटों ब्रेक लगा रहा जबकि शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में वाहन चालकों ने हेडलाइट जलाकर धीमी रफ्तार से आवागमन किया। सुबह 10 बजे धूप निकली तो कोहरा का प्रभाव कम हुआ। हालांकि पूरे दिन कोहरा एवं धुंध के प्रभावी रहने के कारण कुछ देर तक ही धूप प्रभावी रही। इस दौरान उत्तर की तेज रफ्तार की हवाएं चली तथा धूप नहीं निकलने के कारण न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने के बावजूद पूरे दिन ठंड महसूस हुई। मौसम में आए बदलाव के कारण गुरूवार को अधिकतम तापमान में 4 डिग्री से अधिक की गिरावट जबकि न्यूनतम तापमान में 1.5 डिग्री से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम विज्ञानी शुक्रवार को उत्तर की ठंड हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होने की संभावना जता रहे हैं। इधर शुक्रवार को उत्तर भारत में एक पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। विक्षोभ के प्रभाव से मौसम विज्ञानी सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। एक दूसरा विक्षोभ भी तेजी से भारत की ओर बढ़ रहा है तथा इसके 2 फरवरी को उत्तर भारत में पहुंचने की संभावना है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आगामी दिनों में भी मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी रहने की संभावना है।



## सरस्वती पूजा के दिन शराब पीकर स्कूल आने वाला शिक्षक निलंबित

**अंबिकापुर।** सरस्वती पूजा के दिन शराब के नशे में स्कूल आने वाले शिक्षक को निलंबित कर दिया है। वायरल वीडियो और शिकायत की जांच के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की है। बता दें कि लखनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत गुमगराखुर्द प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी बुद्धेश्वर प्रसाद मानिकपुरी का 23 जनवरी को एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में शिक्षक सरस्वती पूजा के दिन स्कूल में शराब के नशे में धुत होकर पहुंचा था। इस दौरान लोगों ने इसका वीडियो बना लिया था। वायरल वीडियो में शिक्षक बुद्धेश्वर प्रसाद मानिकपुरी ने स्वीकार भी किया कि उसने हमने भगवान को दूसरा प्रसाद चढ़ा दिया है। वहीं वह लोगों को गलत जानकारी देते भी नजर आया। आए दिन शिक्षक के शराब के नशे में धुत होकर स्कूल आने के बाद गांव में ग्राम सभा का किया जिसमें सरपंच रूपमनियां मरावी व अन्य प्रतिनिधियों ने भी शिक्षक को हटाने का प्रस्ताव पास किया। वायरल वीडियो के बाद डीईओ ने इस मामले की जांच के निर्देश बीईओ को जांच के निर्देश दिए थे। जांच के बाद संकुल समन्वयक द्वारा भी पुष्टि की गई कि संबंधित शिक्षक ने वास्तव में शराब का सेवन किया था। ऐसे में जिला शिक्षा अधिकारी ने इस मामले में जांच प्रतिवेदन व वीडियो के आधार पर सहायक शिक्षक बुद्धेश्वर प्रसाद मानिकपुरी को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बतौली नियत किया गया है।

## खबर संक्षेप



### शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ का किया गया भूमि पूजन

**केदमा।** विकासखंड उदयपुर अंतर्गत आने वाले पुरातात्विक एवं धार्मिक स्थल भगवान शिव की नगरी महेशपुर में शिव शक्ति रुद्रा महायज्ञ का आयोजन 13 फरवरी से किया जाएगा। आज बुधवार को भूमि पूजन कर यज्ञ स्थल में झंडा गाड़ा गया। आगामी बैठक शुक्रवार को किया जाएगा जिसमें आगामी कार्यक्रम के रूपरेखा तय की जाएगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि यज्ञ विशाल रूप में किया जाएगा साथ ही भागवत कथा का आयोजन भी होगा और अनवरत भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। स्वामी वेद प्रकाश आचार्य ने आस पास के क्षेत्र के भक्तों से एकत्रित होकर यज्ञ की रूपरेखा तय करने की बात कही। इस दौरान शुभम सिंह भदौरिया, बृजेश चतुर्वेदी, कामेश्वर राम, राजकुमार सिंह, आमोद तिवारी, रामाधार साहू, विनय साहू, विद्यानंद यादव, राजा दास, दिनेश कुमार, सहित ग्रामीण उपस्थित रहे

### नपं में एसआईआर कैटेगरी सी अंतर्गत मतदाताओं के नाम विलोपन प्रक्रिया को लेकर हुई बैठक



**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर में एसआईआर कैटेगरी सी अंतर्गत चिन्हित 87 मतदाताओं के नाम विलोपन संबंधी प्रक्रिया को लेकर एक बैठक आयोजित की गई,उक्त बैठक मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुशील कुमार तिवारी एवं बीएलओ की उपस्थिति में संपन्न हुई,बैठक में सभी राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट बीएलए उपस्थित रहे,इस दौरान विलोपन हेतु प्रस्तावित सभी 87 मतदाताओं के नामों का वाचन किया गया,जिस पर उपस्थित सभी प्रतिनिधियों द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

### पेंडरखी गांव में जुआ खेल रहे 7 ग्रामीण पकड़ाए, छतीस हजार रुपए जब्त

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पेंडरखी पखनाडोली दोहर खेत में हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे सात जुआरियों को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है, पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 36,500 रुपए नगद तथा ताशपपत्ती जब्त की है,पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पखनाडोली दोहर खेत में कुछ लोग अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं,सूचना मिलते ही जयनगर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर चारों ओर से घेराबंदी कर सभी आरोपियों को पकड़ लिया,अचानक हुई पुलिस कार्रवाई से जुआरियों में अफरा-तफरी मच गई,पुलिस ने यहां पर सात जुआरी क्रमशः ग्राम पेंडरखी निवासी 27 वर्षीय लीलाधर पिता कमलेश्वर,डेडरी निवासी 30 वर्षीय कुसुम राजवाड़े पिता जीत राम,कुरुवां निवासी 38 वर्षीय राकेश दुबे पिता विशाल दुबे,हर्राटिकरा निवासी 40 वर्षीय राजू प्रसाद पिता सीताराम,पोड़ी निवासी 40 वर्षीय गोपाल दास पिता स्व. गौटू राम,सपकरा निवासी 34 वर्षीय रामदेव पिता किशुन तथा हीरालाल सिंह पिता किशुन राम को गिरफ्तार किया है,ज्ञात हो कि उक्त क्षेत्र में लंबे समय से अवैध जुआ खेले जाने की शिकायतें मिल रही थीं,मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है,उक्त कार्रवाई में जयनगर थाना प्रभारी निरीक्षक रूपेश कुंतल एक्का,उपनिरीक्षक सोहन सिंह,प्रधान आरक्षक संजय सिंह राजपूत,आरक्षक दीपक दुबे,सुरेश साहू सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।

### घर से नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहा युवक गिरफ्तार, गया जेल



**अम्बिकापुर।** घर से नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहे युवक को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया। टीम ने युवक के पास से 20 नग जब्त कर एनडीपीएस के तहत अपराध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि घुटरापारा निवासी नरेश गुप्ता अपने घर से नशीला इंजेक्शन बेच रहा है। सूचना पर तत्काल सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने टीम के साथ नरेश गुप्ता के घर दबिश दी। घर पहुंचते ही नरेश गुप्ता भागने का प्रयास किया परंतु उसे पकड़ लिया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने उसके पास रखे झोले की तलाशी ली तो 20 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किया। संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक कुमारु राम, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं नीरज चौहान सक्रिय रहे।

## दिल्ली, बनारस, रांची मार्ग पर फ्लाइट चलाने का प्रस्ताव

# अम्बिकापुर को हवाई सेवा से जोड़ने एयरपोर्ट के अधिकारियों ने शुरू की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

क्षेत्रीय विमानन कंपनी द्वारा उड़ान सेवा बंद करने के बाद पिछले 8 महीनों से दरिमा स्थित महामाया एयरपोर्ट सूना पड़ा है। कहने के लिए क्षेत्रीय विमानन कंपनी स्टार हब ने फ्लाई बिग के रूट पर उड़ान सेवा प्रारंभ करने की जिम्मेदारी ले ली है लेकिन लाइसेंसिंग की प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण हवाई सेवा शुरू होने को लेकर अभी भी ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है।

**खास बात**

- अम्बिकापुर-रायपुर मार्ग पर समय को लेकर नहीं बन रही सहमति

शासन द्वारा 19 दिसम्बर को बड़ी उपलब्धि के रूप में अम्बिकापुर से बिलासपुर एवं रायपुर के लिए हवाई सेवा की शुरूआत की गई थी। क्षेत्रीय विमानन कंपनी फ्लाई बिग द्वारा बिलासपुर एवं रायपुर के लिए उड़ान सेवा प्रारंभ की गई थी। शुरूआत में हवाई सफर के आकर्षण में लोगों ने उत्साहपूर्वक हवाई जहाज का सफर किया लेकिन मनमानी संचालन व शाम में फ्लाइट का संचालन होने के कारण लोगों का हवाई सफर से मोहभंग होने लगा। फ्लाई बिग द्वारा बिना अग्रिम सूचना के बीच-बीच में फ्लाइट का संचालन बंद करने से लोगों का हवाई सफर के प्रति रूझान खत्म होने लगा। फ्लाई बिग शासन से मिल रही आर्थिक मदद से जैसे-तैसे मई 2025 तक फ्लाइट का संचालन किया। जून महीने में बारिश के कारण दृश्यता कम होने का हवाला देकर उड़ान सेवा को बंद कर दिया। दोबारा अक्टूबर के महीने में फिर से हवाई सफर की शुरूआत की गई लेकिन पांच दिन तक फ्लाइट चलाने के बाद संचालन बंद कर दिया गया। इसके बाद से दरिमा हवाई पट्टी से हवाई सफर बंद है। एयरपोर्ट प्रबंधन अब बीच-बीच में आने वाले शासकीय एवं अशासकीय विमानों को सेवा देने तक सिमट गया है। इस बीच एयरपोर्ट प्रबंधन ने फ्लाई बिग से हवाई सफर फिर से प्रारंभ करने की पहल भी की लेकिन फ्लाई बिग ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। बताया जा रहा है कि फ्लाईबिग के रूट पर हवाई जहाज चलाने के संबंध में क्षेत्रीय विमानन कंपनी स्टार हब ने करार किया है लेकिन अभी तक कंपनी डीजीसीए से लाइसेंस लेने की प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाई है। इस प्रक्रिया में 2 महीने का समय लगने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में मार्च के पूर्व सरगुजा वासियों को हवाई सफर की सुविधा मिलने की संभावना नहीं है। समय पर लाइसेंसिंग प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर उड़ान सेवा शुरू होने में लम्बा समय भी लग सकता है।



फाइल फोटो

### अन्य मार्गों के लिए चर्चा

इधर बनारस, रांची, दिल्ली आदि मार्गों पर सफर करने वाले लोगों की संख्या एवं स्थानीय जरूरतों को देखते हुए मां महामाया एयरपोर्ट प्रबंधन भारत सरकार की एकमात्र क्षेत्रीय विमानन कंपनी एलाइंस एयर से विभिन्न मार्गों पर हवाई सेवा प्रारंभ करने के संबंध में चर्चा कर रही है। एलाइंस एयर जगदलपुर तक फ्लाइट चला रही है। एयरपोर्ट के अधिकारी ने सुबह अम्बिकापुर से रायपुर एवं रायपुर से जगदलपुर तक फ्लाइट चलाने एवं शाम में वापसी की शर्त रखी है जिस पर सहमति नहीं बन पा रही है। अधिकारियों का कहना है अन्य समय पर फ्लाइट चलने से क्षेत्रवासियों को इसका लाभ नहीं मिलेगा। एलाइंस एयर सुबह अम्बिकापुर से रायपुर के लिए फ्लाइट चलाने के संबंध में अभी सहमति नहीं दी है। संचालन समय के संबंध में सहमति बनाने की कोशिशें अभी भी चल रही है।

### ये मार्ग हैं प्रस्तावित

अधिकारियों ने एलाइंस एयर को अम्बिकापुर-जगदलपुर-दिल्ली, अम्बिकापुर-बिलासपुर-दिल्ली, दिल्ली-वाराणसी-रायपुर, वाराणसी-अम्बिकापुर-रायपुर, रांची-अम्बिकापुर-रायपुर मार्ग में से किसी भी तीन रूट पर फ्लाइट चलाने का प्रस्ताव दिया है। बड़ी संख्या में सरगुजावासी हर दिन दिल्ली, वाराणसी, रांची एवं रायपुर तक सफर करते हैं। इन स्थानों के लिए दरिमा से हवाई सेवा प्रारंभ होने पर क्षेत्रवासियों को आवागमन में काफी सुविधा होगी वहीं विमानन कंपनी की कमाई बढ़ेगी।

### चल रही चर्चा

एलाइंस एयर को विभिन्न तीन मार्गों पर हवाई जहाज चलाने का प्रस्ताव दिया गया है। अम्बिकापुर-रायपुर मार्ग पर फ्लाइट चलाने के समय को लेकर सहमति नहीं बनी है। अम्बिकापुर से रायपुर के लिए सुबह फ्लाइट चलाने एवं शाम में वापसी का प्रस्ताव दिया गया है। इस संबंध में लगातार चर्चा चल रही है।

-सुशील श्रीवास्तव
डायरेक्टर, महामाया एयरपोर्ट, दरिमा



## संयुक्त शिक्षक संघ की हुई बैठक, बनाई गई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

जिले में संयुक्त शिक्षक संघ की बैठक ओड़गी के पर्यटन स्थल बाँक में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में संघ जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी के नेतृत्व में शिक्षक हित संवर्धन के लिए शपथ ग्रहण कर नए सत्र में व्यापक कार्ययोजना की रणनीति बनाई गई।

संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मो.महमूद, प्रमोद पाठक ने बताया कि जिला के बाँक में हुई इस बैठक में संघ की प्रांतीय उपाध्यक्ष माया सिंह, प्रांतीय महासचिव शहादत अली व प्रांतीय संगठन मंत्री राकेश शुक्ला के मार्गदर्शन में संगठन को मजबूती प्रदान करने,नियमित बैठक करने व शिक्षकों की समस्याओं के संबंध में सर्वसम्मति से संघ की आगामी रणनीति तय की गई। जिला स्तर पर सहायक शिक्षकों व शिक्षकों की पदोन्नति, प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति पर हो रहे विलंब, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, पंचायत अवधि की लंबित एरियर्स भुगतान और एनपीएस की राशि के सम्पूर्ण निर्धारण की कार्ययोजना बनाई गई। संघ जिलाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी ने बताया कि संगठन को मजबूत व पदाधिकारियों,सदस्यों में ऊर्जा संचार के उद्देश्य से बाँक में जिला स्तरीय बैठक आयोजित किया गया था।

ब्लॉक महासचिव ऋषि कुमार पांडेय ने बताया कि हमारे ब्लॉक में इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित होने से हम सब उत्साहित व गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं, निश्चित ही इस प्रकार के कार्यक्रमों से ऊर्जा में वृद्धि होती है। ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने कार्यक्रम से उत्साहित होकर आगामी बैठक प्रतापपुर में आयोजित करने का आग्रह किया। अतिथि के तौर पर पहुंचे कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के महासचिव इकबाल अंसारी, राजू यादव ने सभी को अपने साथियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट रहने का संदेश दिया। माया सिंह, शहादत अली,राकेश शुक्ल,भूपत सिंह, प्रतिमा सिंह ने सभी को संगठन व शिक्षक हित में कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन गिरवर यादव व आभार प्रदर्शन मनोहर गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान कुलदीप सिंह, राधेश्याम साहू, श्रीमती नुशा,श्रीमती हीरामनि, भुवनेश्वर सिंह, बृजेश भनी, मनोज कुशवाहा, सतीश साहू, प्रदीप सिंह, धर्मपाल सिंह, प्रदीप त्रिपाठी, भास्कर सिंह, दिल मोहम्मद अंसारी, मो.शमीम, मोती लाल, विवेक, टहल राम, श्रीमती इंदुमती सोनवानी, श्रीमती जीवन्ती एक्का, श्रीमती ललमेन टोप्पो, प्रतिभा गुप्ता, रामकुमारी सिदार, अनुपमा त्रिपाठी, सोमा घोष,कल्पना बारी,आरती श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सुम्बुल फातिमा ने जीता टॉप मेकअप आर्टिस्ट प्रतियोगिता में प्रथम रनर-अप खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

फ़ैशन अफिनिटी द्वारा आयोजित टॉप मेकअप आर्टिस्ट कॉन्टेस्ट सीज़न 13 के ग्रैंड फिनाले में सूरजपुर की सुम्बुल फातिमा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम रनर-अप का खिताब अपने नाम किया। साथ ही उन्हें प्रतियोगिता में उभरते हुए सबसे शानदार प्रतिभा के रूप में बेस्ट राइजिंग मेकअप आर्टिस्ट के विशेष पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।



अम्बिकापुर के होटल में आयोजित प्रतियोगिता में संभाग के कई जिलों से चयनित मेकअप कलाकारों ने हिस्सा लिया। सुम्बुल फातिमा ने अपनी कलात्मक दक्षता, रंगों की समझ और तकनीकी निपुणता से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। जिला स्तरीय उपलब्धि के बाद सुम्बुल फातिमा का चयन फ़ैशन अफिनिटी के राज्य स्तरीय टॉप मेकअप आर्टिस्ट ग्रैंड फिनाले के लिए हुआ है। प्रतियोगिता अप्रैल-मई में राजधानी रायपुर में आयोजित की जाएगी, जहां वह पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में जिले और सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## कुम्दा बस्ती में करंट लगने से वृद्ध ग्रामीण की मौत, कुरवां गांव में बुजुर्ग बेवा ने लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के दो अलग अलग मामलों में 85 वर्षीय वृद्ध की विद्युत करंट लगने से मौत हो गई जबकि एक अन्य मामले में बेवा महिला ने मानसिक परेशानी के कारण फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है,बिश्रामपुर पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम किया है,बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम कुमदा बस्ती गोटिया पारा निवासी मृतक लालसाय राजवाड़े पिता सहोरन 85 वर्ष गुरुवार दोपहर घर के समीप बाड़ी स्थित कुएं में लगे मोटर पंप से सब्जी भाजी में पानी पटा रहा था,पानी पटाने के बाद मोटर बंद करने वह तार को अलग कर रहा था, तभी तरंगित तार के संपर्क में आ गया,करेंट लगने से चिल्लाने की आवाज से परिजन जब मौके पर पहुंचे और उसको करँट प्रवाहित तार से अलग कर अचेत अवस्था में बिश्रामपुर अस्पताल लेकर आए,जांच में चिकित्सक द्वारा मृत्यु हो जाना बताया, जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस में दर्ज कराकर शव के पंचनामा की कार्यवाही पूरी कराई है।एक अन्य मामले में ग्राम कुरवां निवासी 70 वर्षीय बेवा महिला फुलेश्वरी पति कुंवर प्रशाद घर के लकड़ी के कंडी में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,पुलिस ने बताया कि मृतिका निः संतान थी,2018 में पति के मौत के बाद वह कुरुवां अपने मायके में रहती थी,कल अचानक उसने खुदकुशी कर ली। सूचना पर दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## ओबीसी, एससी–एसटी एवं माइनॉरिटी विभागों की भागीदारी से मिलेगी मजबूती

**अंबिकापुर।** कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग विभाग के नेशनल को-ऑर्डिनेटर लक्ष्मी गुप्ता ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय लेते हुए सामाजिक न्याय से जुड़े चारों प्रकोष्ठों ओबीसी, एससी, एसटी एवं माइनॉरिटी विभाग को सीधे तौर पर चुनावी प्रक्रिया में सहभागी बनाने का बड़ा कदम उठाया है। कांग्रेस नेताव राहुल गांधी के निवास पर आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव रखा गया कि देश के प्रत्येक राज्य की कांग्रेस इलेक्शन कमिटी में इन चारों विभागों के राज्य अध्यक्षों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया जाए, ताकि सामाजिक प्रतिनिधित्व और जमीनी आवाज़ को चुनावी रणनीति में समुचित स्थान मिल सके। राहुल गांधी ने इस प्रस्ताव को तत्काल हरी झंडी देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को तुरंत नोटिफिकेशन जारी करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में चारों विभागों के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं के राजू तथा चारों विभागों के राष्ट्रीय समन्वयकों की एक विस्तृत और गंभीर जुम बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी ने अपने-अपने सुझाव, अनुभव और संगठनात्मक दृष्टिकोण साझा किए। इस महत्वपूर्ण बैठक में मैं स्वयं भी उपस्थित रहा और जमीनी स्तर की अपेक्षाओं को मजबूती से रखा गया। यह निर्णय न केवल संगठन को मजबूती देगा, बल्कि दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यक समाज की भागीदारी को निर्णायक भूमिका में स्थापित करेगा।



## बसदेई स्कूल में हम होंगे कामयाब जागरूकता कार्यक्रम

**सूरजपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसदई में जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ तथा एग्रीकॉन फाउंडेशन के संयुक्त तात्वाधान में हम होंगे कामयाब अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान होने वाले मानसिक दबाव से बचने, आत्मविश्वास बढ़ाने एवं सकारात्मक सोच विकसित करने हेतु हम होंगे कामयाब अभियान की गतिविधियों के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विद्यार्थियों को किशोर सशक्तिकरण, घरेलू हिंसा से बचाव, पढ़ाई का कोना, गुड टच - बैड टच के माध्यम से बच्चों की सुरक्षा, साइबर सुरक्षा तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित जानकारियां दी गई। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाते हुए सुरक्षित, जागरूक एवं आत्मनिर्भर नागरिक के रूप में विकसित करना रहा।



## विधायक उद्धेश्वरी पैकरा पहली बार पहुंची टाटी झरिया, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**कुसमी।** सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत टाटीझरिया के सुदूर अंचल मईल पारा में पहुंची। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत होकर निराकरण करने का आश्वासन दिया। मईल पारा के ग्रामीणों ने विधायक को अपने बीच पाकर खुश नजर आए। ग्रामीणों ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार विधायक हम लोगों के बीच पहुंच कर हम लोगों का हाल चाल पूछने तथा समस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने विधायक उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान सड़क, पेयजल, बच्चों के पढ़ाई हेतु विद्यालय सहित अन्य प्रकार के मूलभूत सुविधाओं की मांग की। जिस पर विधायक ने जल्द से जल्द निराकरण कराने की बात कही। इसके अलावा आज विधायक उद्धेश्वर पैकरा ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत करकली, सेमराताला, ग्राम पंचायत मोती नगर सहित डांड टोली में ग्रामीणों से भेंट मुलाकात की। साथ ही ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिपं अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद अध्यक्ष बसंती भगत, जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, लक्ष्मण सिंह पैकरा, उमेश्वर ओझा, राकेश भारती, राजेश्वर यादव, दुर्गेश गुप्ता, रमेश गुप्ता, नितेश गुप्ता, बालों बाई, भगवती बाई, अशोक गुप्ता के अलावा ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।









## फॉर्म 7 के फर्जी उपयोग से मतदाता सूची से नाम कटवाने का आरोप, कलेक्टर से शिकायत



**लखनपुर।** लखनपुर अंतर्गत पंचायत मांजा, पारा राजाकटेल के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा तथा एसआरआई फॉर्म संख्या 7 के फर्जी उपयोग द्वारा मतदाता सूची से नाम कटवाने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों ने बताया कि बिना किसी सूचना, सहमति अथवा जानकारी के उनके नामों का दुरुपयोग करते हुए फर्जी हस्ताक्षरों के माध्यम से फॉर्म नंबर 7 भरकर निर्वाचन अधिकारियों के समक्ष जमा किए जा रहे हैं, जिससे उनका संवैधानिक मताधिकार समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। रज़ा यूनिटी फाउंडेशन के प्रमुख एवं सामाजिक कार्यकर्ता शादाब आलम रज़वी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए और फॉर्म नंबर 7 के फर्जी उपयोग और जाली हस्ताक्षरों में संलिप्त सभी दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### जांच के लिए गांव पहुंचे अधिकारी

एसआईआर के फॉर्म 7 के फर्जी उपयोग से मतदाता सूची से नाम कटवाने की साजिश ग्राम वासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन था। शिकायत के बाद आज लखनपुर तहसीलदार अंकित पटेल राजस्व टीम के साथ जांच कर पंचनामा बनाया गया वहीं नाम काटने वाले शिकायतकर्ता नदारद रहे। जांच के दौरान 2003 की सूची में ग्रामवासी के नाम भी पाया गया। तहसीलदार द्वारा नाम काटने के फॉर्म भरने वाले के ऊपर कार्रवाई करने के आश्वासन दिया है।









